अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनाँक 29 अगस्त, 2016 को कम्प्यूटर विभाग के तत्वावधान में बी.सी.ए के विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए "साफ्टवेयर डवलेपमेन्ट" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया. यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता के दिशा निर्देशन में हुआ. जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्किल डवलपमेंट के बारे में जागरुक कराना था जिससे वे स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया प्रोगाम में अपनी पहल के द्वारा योगदान दे सकें.
कम्प्यूटर विभागाध्यक्ष डॉ0 सचिन गर्ग ने सभागार में उपस्थित सभी का स्वागत किया. यह कार्यशाला मीट शोलयूशनस्, फरीदाबाद के सहयोग द्वारा आयोजित की गई. जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में मीट साल्यूशनस के डारयेक्टर श्री रोहित भाटी उपस्थित थे. उन्होंने विद्यार्थियों को हार्डवेयर और नेटवर्किंग में स्किल डवलपमेंट के लिए जागरुक किया. इसके पश्चात उन्होंने विद्यार्थियों को नेट फेयरवर्क पर प्रक्टीकल रुप से ज्ञानवर्धन किया. उन्होंने विद्यार्थियों को अपडेटिड मार्किट के बारे में भी अवगत कराया. विद्यार्थियों ने भी इसमें बढ़चढकर भाग लिया. कार्यशाला में कम्प्यूटर विभाग के सभी प्राध्यापक उपस्थित थे.